ब्ल्यू स्टार को मुंबई मेट्रो से मिला २५३ करोड़ रुपए का ठेका

नयी दिल्ली, एयर कंडिशनर तथा रेफ्रिजरेटर बनाने वाली कंपनी ब्ल्यू स्टार मे मंगलवार को कहा कि उसे मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से 253 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार से कहा कि इसमें नौ भूमिगत स्टेशनों के लिये एयर कंडिशनिंग, टनल वेंटिलेशन और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली का डिजायन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, इंस्टालेशन और कमिशनिंग तथा मुंबई सेंट्रल और बांद्रा के बीच मेट्रो के लाइन 3 कॉरिडोर से जुड़े टनल का निर्माण शामिल है। कंपनी ने

कहा कि मुंबई मेट्रो की लाइन-3 को कोलाबा-बांद्रा-एसईईपीजेड लाइन भी कहा जाता है। इसे जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी से आर्थिक वित्तपोषण प्राप्त है। यह देश की सबसे लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन है। कंपनी का शेयर बीएसई में 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 736 रुपये पर चल रहा था।